पश्चिम मध्य रेल
West Central Railway

महाप्रबंधक कार्यालय
जनसम्पर्क विभाग
जबलपुर

बिलासपुर-रीवा-बिलासपुर एक्सप्रेस में अस्थाई तौर पर एक स्लीपर का अतिरिक्त कोच लगेगा

जबलपुर 29 जुलाई। रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु स्थाई/अस्थाई अतिरिक्त कोच लगाए जाते है। इसी कड़ी में अतिरिक्त यात्री यातायात क्लियर करने एवं यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पश्चिम मध्य रेल से प्रारम्भ/ टर्मिनेट होने वाली गाड़ी संख्या 18247/18248 बिलासपुर-रीवा-बिलासपुर एक्सप्रेस में एक शयनयान श्रेणी का अस्थाई अतिरिक्त कोच लगाने का निर्णय लिया गया है।

एक शयनयान श्रेणी का अस्थाई अतिरिक्त कोच गाड़ी संख्या 18247 बिलासपुर-रीवा एक्सप्रेस के प्रारंभिक स्टेशन बिलासपुर स्टेशन से दिनांक 30.07.2025 से 31.10.2025 तक तथा इसी प्रकार गाड़ी संख्या 18248 रीवा–बिलासपुर एक्सप्रेस के प्रारंभिक स्टेशन रीवा स्टेशन से दिनांक 31.07.2025 से 01.11.2025 तक गंतव्य के लिए लगाया जाएगा।

एक अतिरिक्त बढ़ने से कोच संरचना :- 1 एसी 2 टियर, 3 एसी 3 टियर, **7 स्लीपर**, 5 जीएस एवं 2 एसएलआरडी सहित 18 कोचेस।

यात्रियों से अनुरोध है इस अतिरिक्त कोच का लाभ उठाएं।

संख्या : पमरे/मुख्या/मुजसअधि/प्रेस विज्ञप्ति/255/2025 दिनांक 29.07.2025

सम्माननीय संपादक,

कृपया जनहित में उपरोक्त समाचार अपने लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित कर सहयोग प्रदान करें।

मुख्य जनसंपर्क अधिकारी
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर